UPHM010055672023

**न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश(एससी/एसटी)एक्ट, हमीरपुर ।**

**पीठासीन अधिकारी– (रनवीर सिंह), (उच्चतर न्यायिक सेवा) – UP06459**

**सत्र वाद सं०– 2223/2023**

**रामकुमार बनाम विपिन द्विवेदी आदि**

**22.08.2026**

पत्रावली पेश हुई। पुकार पर परिवादी अनुपस्थित। पत्रावली सुनवाई हेतु लंच बाद पेश हो।

**(रनवीर सिंह),**
**अपर सत्र न्यायाधीश /**
**विशेष न्यायाधीश(एससी/एसटी एक्ट),**
**हमीरपुर ।**

**लंच बाद।**

पत्रावली लंच बाद पेश हुई। पुनः पुकार करायी गयी। परिवादी उपस्थित नहीं है। पत्रावली पुनः समय 03:30 पी०एम० पर पेश हो।

**(रनवीर सिंह),**
**अपर सत्र न्यायाधीश /**
**विशेष न्यायाधीश(एससी/एसटी एक्ट),**
**हमीरपुर ।**

**03:30 पी०एम०**

पत्रावली पुनः पेश हुई। पुकार करायी गयी। परिवादी अनुपस्थित। आदेश पत्र के अवलोकन से स्पष्ट है कि उक्त परिवाद परिवादी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा–156(3) दं०प्र०सं० पर न्यायालय द्वारा पारित आदेशानुसार संस्थित हुआ था, किन्तु परिवादी दिनांक 27.04.2026 के पश्चात नियत तिथियों पर लगातार न्यायालय के समक्ष हाजिर नहीं हो रहा है और न ही हाजिरी माफी प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया है। दिनांक 01.08.2026 व दिनांक 13.08.2026 को परिवादी को सुनवाई हेतु अंतिम अवसर भी दिया जा चुका है। किन्तु परिवादी उक्त दिनांक को उपस्थित नहीं हुआ। उक्त से ऐसा प्रतीत होता है कि परिवादी जानबूझकर न्यायालय में उपस्थित नहीं हो रहा है। परिवादी को उक्त वाद में कोई रुचि नहीं है।

तदनुसार उपरोक्त परिवाद परिवादी की अनुपस्थिति एवं पैरवी के अभाव में निरस्त किया जाता है। पत्रावली नियमानुसार दाखिल दफ्तर हो।

**(रनवीर सिंह),**
**अपर सत्र न्यायाधीश /**
**विशेष न्यायाधीश(एससी/एसटी एक्ट),**
**हमीरपुर ।**

Digitally signed by Ranveer Singh
Date: 2026.08.24 18:17:41 UTC
Reason: Document Owner
Location: District and Sessions Court